ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी (LOWER)

पाठ -6

मदर टेरेसा

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org

Toll Free: **1800 120 2316**
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

मौखिक-

२.कम- से - कम शब्दों में उत्तर दीजिए-

क) मदर टेरेसा का बचपन का नाम बताइए?

मदर टेरेसा का बचपन का नाम अगनेस गोंझा बोयाजिजू था।

ख) मदर टेरेसा का जन्म कब और कहां हुआ?

मदर टेरेसा का जन्म २७ अगस्त १९१०,स्कोप्जे(सर्बिया नगर) , दक्षिण यूगोस्लाविया में हुआ था।

ग) मदर टेरेसा ने कौन-से विद्यालय से अध्यापन कार्य आरंभ किया?

मदर टेरेसा ने टारेंटो का‌ॅन्वेंट विद्यालय से अपना अध्यापन कार्य आरंभ किया था।

घ) मदर टेरेसा का निधन कब हुआ?

मदर टेरेसा का निधन ५ सितंबर,१९९७ में हुआ था।

लिखित-

१. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

नर्सिंग सेवा नोबल पुरस्कार ममता निर्मल हृदय होम

क) मदर टेरेसा....**सेवा**.... और....**ममता**.... की साक्षात मूर्ति थीं।

ख) इन्होंने पटना में....**नर्सिंग**.... की ट्रेनिंग ली।

ग) इन्होंने कोलकाता में बूढ़ों को सहारा देने के लिए पहला....**निर्मल हृदय होम**.... स्थापित किया।

घ) इन्हें....**नोबल पुरस्कार**.... से सम्मानित किया गया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) १८ वर्ष की आयु में मदर टेरेसा ने क्या निश्चय किया था?

१८ वर्ष की आयु में इन्होंने आइरिश धर्म परिवार लाॅरेंटो में शामिल होने का निश्चय किया और अपना जीवन दीन-हीन और अनाथों की सेवा में समर्पित कर दिया।

ख) मदर टेरेसा के माता-पिता का नाम लिखिए।

मदर टेरेसा के माता का नाम- ड्रानाफिल, और पिता का नाम- निकोला है।

ग) सन् १९४६ में इन्होंने किस बात का संकल्प लिया था?

सन् १९४६ में इन्होंने मानव सेवा करने का संकल्प लिया था, जिसके कारण इनके जीवन में परिवर्तन आए।

घ) मदर टेरेसा ने कोलकाता में किन-किन केंद्रों की स्थापना की थी?

मदर टेरेसा ने कोलकाता में शिक्षा केन्द्र, कुष्ठ रोगी चिकित्सा-केंद्र, भोजनालय आदि की स्थापना के साथ - साथ असहाय बूढ़ों को सहारा देने के लिए पहला ' निर्मल हृदय होम' स्थापित किया और अपनी ममता की छाया से बीमार, विकलांग तथा अनाथ व्यक्तियों को आश्रय दिया। इन्होंने अमीर- गरीब,जाता - पात में कोई भी भेदभाव नहीं रखा।

ङ) मदर टेरेसा को कौन- कौन-सी उपाधियों से सम्मानित किया गया था?

मदर टेरेसा को शांति पुरस्कार, पद्मश्री पुरस्कार (१९६२), नोबल पुरस्कार (१९ दिसंबर,१९७९) को मानव कल्याण कार्यों के लिए,' भारत रत्न' की उपाधियों से सम्मानित किया गया था। नवंबर १९८३ में भारत भ्रमण के अवसर पर महारानी एलिज़ाबेथ ने मदर टेरेसा को भारत में'ऑर्डर ऑफ मेरिट' की उपाधि से भी विभूषित किया।

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए-

क) मदर टेरेसा किन कारणों से दुनिया में पहचानी गईं ?

मदर टेरेसा ममता और सेवा की साक्षात मूर्ति थीं।अपना जीवन दीन-हीन और अनाथों की सेवा में समर्पित किया । मानव - सेवा करने का दृढ़ निश्चय किया तथा अपना जीवन दुखियों,दरिद्रों, अपाहिजों, कोढ़ियों आदि की सेवा में लगा दिया । माँ बनकर अपनी ममता हर प्राणी में बांटने लगी।

ख) ' मदर टेरेसा का जीवन उनका अपना नहीं था।' इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

' मदर टेरेसा का जीवन उनका अपना नहीं था।' इन पंक्तियों में यह कहा गया है कि दुनिया में अपने लिए तो सब जीते हैं, लेकिन जो दूसरों के लिए त्याग- बलिदान करता है,वहीं महान कहलाता है।ऐसी महान आत्मा मदर टेरेसा थीं। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन दीन- दरिद्र, बीमार, लाचार और असहाय लोगों की सेवा में लगा दिया।

भाषा ज्ञान-

१. निचे लिखे शब्दों से विशेषण बनाइए-

साहस - साहसी

विश्वास - विश्वासी, विश्वासपात्र

शांति - शांत

शिक्षा - शिक्षित

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२. नीचे लिखे शब्द स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग लिखिए-

क) गरीब- पुल्लिंग
ख) बूढ़ा- पुल्लिंग
ग) प्रधानाध्यापिका- स्त्री लिंग
घ) माँ - स्त्री लिंग
ङ) मानव- पुल्लिंग
च) स्कूल- पुल्लिंग

३. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाचक संज्ञा शब्दों को पहचानकर लिखिए-

क) मदर टेरेसा ममता की मूर्ति थीं। ममता

ख) मदर टेरेसा ने अपना जीवन निसहाय जनों की सेवा में लगा दिया। सेवा

ग) मदर टेरेसा बहुत संवेदनशील थीं। संवेदनशील

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP